## चौथा कदम – भेजें

1. सहभागी विवरण फॉर्म पूरा करें।




2. रिप्लाई पेड लिफाफे के पीछे अपना नाम और पता लिखें तथा अगले भाग पर हस्ताक्षर करें।



3. सहभागी विवरण फॉर्म और दोनों क्लेकशन ट्यूबों (सील किए गए ज़िपलॉक बैग में) को रिप्लाई पेड लिफाफे में डालें और इसे सील करें।



4. **24 घंटे के अंदर** लिफाफा पोस्ट ऑफिस ले जाएँ या ऑस्ट्रेलिया पोस्ट मेल बॉक्स का प्रयोग करके **दोपहर बाद डाक में डालें (शाम 6 बजे से पहले)**।



सैम्पल ठंडे रहने चाहिए, इसलिए इन्हें किसी गर्म स्थान में न छोड़ें जैसे कि कार।

## सवाल

यदि टेस्ट कैसे करना है, इस बारे में आपके सवाल हैं, तो टेस्ट किट हेल्पलाइन को **1800 930 998** पर फोन करें (सोमवार से शुक्रवार सुबह 7.30 बजे से लेकर रात 10 बजे तक AEST/AEDT और शनिवार से रविवार सुबह 9 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक AEST/AEDT) अथवा **www.cancerscreening.gov.au/bowel** पर एक लघु वीडियो देखें।

## अनुवाद

अपनी भाषा में जानकारी के लिए www.cancerscreening.gov.au/translations देखें या अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (**Translating and Interpreting Service**) को **13 14 50** पर फोन करें।

## आपका परिणाम

आपका परिणाम आपके द्वारा अपना सैम्पल भेजने के कुछ सप्ताहों बाद आपको और आपके डॉक्टर (यदि मनोनीत किया गया है) को डाक से भेजा जाएगा।

पैथोलोजी सेवाएँ

SONIC HEALTHCARE
Quality is in our DNA

प्रायोजक

r-biopharm

34 WOODFIELD BOULEVARD CARINGBAH NSW 2229

निर्माता

EIKEN CHEMICAL CO.,LTD.

**www.cancerscreening.gov.au**

Australian Government

NATIONAL BOWEL CANCER SCREENING PROGRAM

# होम टेस्ट किट निर्देश

4 आसान कदम जो आपकी जान बचाने में मदद कर सकते हैं।

**टेस्ट किट हेल्पलाइन 1800 930 998**

**www.cancerscreening.gov.au**

# निर्देश

## आपकी किट में शामिल है




2 x टॉयलेट लाइनर



2 x क्लेक्शन ट्यूब



1 x जिपलॉक बैग



1 x रिप्लाई पेड लिफाफा

## आपके द्वारा शुरू करने से पहले

### वे बातें जो आपके लिए जाननी ज़रूरी हैं

✓ आपको अपनी खुराक या दवाई में कोई बदलाव करने की ज़रूरत नहीं है।

✓ आपको दो अलग-अलग मल-त्याग (शौच) से दो छोटे सैम्पल क्लेकट करने की ज़रूरत है। दोनों सैम्पल को क्लेकट करने में जितनी कम अवधि हो उतना अच्छा है।

✓ अपने पूरे सैम्पल डाक से भेजने तक 2°C और 8°C के बीच संभाल कर रखें (आदर्शत: फ्रिज में, पर इन्हें फ्रीज न करें)।

### यदि आप निम्नलिखित से पीड़ित हैं तो टेस्ट **न करें:**

✗ बवासीर (होमोरोइड) जो कि रक्ततस्राव होना होता है। यदि ऐसा होता है, तो डॉक्टर से मिलें।

✗ आपके पेशाब, मल या टॉयलट बॉउल में रक्त आना। यदि ऐसा होता है, तो डॉक्टर से मिलें।

✗ आपका मासिक धर्म। टेस्ट करने से पहले अपने मासिक धर्म के बाद कम से कम तीन दिन प्रतीक्षा करें।

## पहला कदम – **तैयारी करें**

1. किसी एक ट्यूब लेबल पर
   - [N] के आगे अपना नाम लिखें
   - [A] के आगे अपनी जन्म-तिथि लिखें
   - [D] के आगे सैम्पल लेने की तिथि लिखें



2. अपना सैम्पल एकलित करने से पहले, अपना मूत्राशय खाली करें (पेशाब करें) और टॉयलट फ्लश करें।



3. टॉयलट बॉउल में पानी के ऊपर टॉयलट लाइनर रखें।

   लिखाई ऊपर की ओर होनी चाहिए।



4. यदि टॉयलट लाइनर डूबता है, तो भी सैम्पल लेने में कोई बुराई नहीं है, या आप एक नई किट का निवेदन कर सकते हैं।

## दूसरा कदम – **क्लेकट करें**

1. टॉयलट लाइनर पर मल-त्याग करें।



2. ग्रीन ढक्कन को **घुमा कर** क्लेकशन ट्यूब खोलें।



3. स्टिक के ऊपरी भाग को मल की सतह के अलग-अलग भागों के ऊपर कुरेदें।

   सैम्पल छोटा ही होना चाहिए – चावल के दाने से छोटा।



4. स्टिक को वापिस क्लेकशन ट्यूब में डालें और **ढक्कन बंद कर दें।**

   ट्यूब को कई बार ऊपर-नीचे **हिलाएँ।**



5. टॉयलट लाइनर और मल को टॉयलट में फ्लश करें।

   अपने हाथ धोयें।



## तीसरा कदम – **संभाल कर रखें और दोहराएँ**

1. ट्यूब को जिपलॉक बैग में रखें।



2. सैम्पल फ्रिज में रखें। **(इसे फ्रीज़ न करें)।**

3. जब आप अगली बार मल-त्याग (शौच) करते हैं (उसी दिन, अगले दिन या जितनी जल्दी आप कर सकें) तो दूसरी क्लेकशन ट्यूब के साथ **पहले से लेकर तीसरा** कदम **दोहराएँ।**



*चौथे कदम के लिए पृष्ठ पलटें।*

> ***“टेस्ट थोड़ा अनाकर्षक लग सकता है, पर यह साफ और आसान है और इसके आपकी जान बच सकती है। इसमें बस दो बार टॉयलेट जाना और फिर सैम्पल को डाक से भेजना शामिल है। ”***